## सामाचार

### हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज

### राष्ट्रीय सेवा योजना

### कार्यक्रम : हर घर तिरंगा कार्यक्रम रिपोर्ट: सामान्य शिविर 2025-26

### 8- 17 August 2025

हमीदिया गर्ल्स डिग्री कालेज, राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइंयों 041, 042 एवं 043 ने भारत सरकार की योजना 'हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान' के तहत 8 अगस्त से 17 अगस्त महोत्सव मनाया। 8 से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने तथा देश प्रेम की भावनाओं को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया जिसको राष्ट्रीय सेवा योजना की प्राभारी प्रो0 सबीहा आज़मी, कार्य्रम अधिकारी डा0 शबाना अजीज़ .एवं कार्य्रम अधिकारी डा0 शबनम आरा ने अपने देख रेख में आयोजित किया। भारत सरकार की योजना हर घर तिरंगा के प्रचार–प्रसार के लिये स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उदघाटन सामारोह प्राचार्या प्रो0 नासेहा उस्मानी के संबोधन द्वारा हुआ। स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुयें प्राचार्या ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है एवं वह हमे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है। देश के सभी नागरिकों को स्वतंत्रता की कद्र करनी चाहिये तथा इस बहुमूल्य विरासत को सदैव बनाये रखने का संकल्प करना चाहिये।



राष्ट्रीय सेवा योजना की प्राभारी प्रो0 सबिहा आज़मी ने कहा कि हर घर तिरंगा जागरूकता भारत सरकार का उत्साहवर्धक कार्यक्रम है। जिसके द्वारा युवा में एक ऊर्जा देखने को मिलती है। अभियान के दौरान डा0 शबाना अजीज़ कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 041, डा0 शबनम आरा कार्यक्रम अधिकरी यूनिट 042, एवं प्रो0 सबीहा आज़मी कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 043, ने कार्यक्रम को सुवस्थ्ति रूप से सम्पन्न करवाया।

- **8 अगस्त 2025 -** को तिरंगा राखी प्रोग्राम का आयोजन हुआ। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने भारतीय तिरंगे के रंगों को लेते हुये राखियाँ बनाई।
- **9 अगस्त 2025** रक्षाबंधन के दिन स्वयंसेविकाओं ने हाथ से बनी राखियों का प्रर्दशन सोशल मीडिया पर किया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार इन्शा B.A.II द्वितीय पुरस्कार प्राची B.A.II तृतीय पुरस्कार मन्तशा B.A.II एवं सांत्वना पुरस्कार यामीन अशरफ को मिला।

- **10 अगस्त 2025** देश भक्ति गीत की प्रतियोगिता आनॅलाइन कराई गई। जिसमे स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार नबा फतिमा द्वितीय पुरस्कार इन्शा परवीन ने प्राप्त किया। पुरा छात्रा कहकशां ने स्वरचित कविता पढ़ी।

- **11 अगस्त 2025** को तिरंगी टोपी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने तिरंगे झण्डे के रंग की काग़ज की टोपियाँ बनाई।




- **12 अगस्त 2025** को स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका विषय ''देश भक्ति'' था। स्वयंसेविकाओं ने बढचढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान सिदरा अहफाज़ M.A. I द्वितीय स्थान इल्मा फरुकी M.A. I एवं तृतीय स्थान शिफा बानो ने प्राप्त किया।




- **13 अगस्त 2025** को निबन्ध प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता का विषय था **(ऐ मेरे वतन के लोगों)** प्रथम स्थान अमीना अशरफ B.A.I द्वितीय स्थान रूकइया परवीन B.A.II, अमीन अशरफ B.A. II एवं तृतीय स्थान नबा B.A.II को मिला। प्रोग्राम में अन्य विभाग की शिक्षिकाओं डा0 ज़रीना बेगम एसोसिएट प्रोफेसर उर्दू विभाग डा0 इरम फरीद उस्मानी एसोसिएट प्रोफेसर सामाजशास्त्र विभाग डा0 नुदरत महमूद एसोसिएट प्रोफेसर अरबी विभाग एवं डा0 असमा सिद्दीकी गेस्तफाकेल्टी अंगेजी विभाग ने जोश खरोश के साथ प्रतिभाग किया।










- **14 अगस्त 2025** प्राचार्या प्रो0 नासेहा उस्मानी के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्ररित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारीयों, सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा **(तिरंगा मार्च)** निकाला गया।
  हर घर तिरंगा के प्रचार-प्रसार के लिये स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्र गान से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिसका संदेश हर घर तिरंगा प्रेम की भावनाओं से ओतप्रोत कराना था। प्राचार्या प्रो0 नासेहा उस्मानी ने छात्राओं से ''जन-जन तक संदेश चहुँचाएगें घर-घर तिरंगा फहराएगें आज़ादी का अमृत महोत्सव बनाएगें'', का आह्यन किया।





राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयं सेविकाओं से कहा अपने आस पास के क्षेत्रों में लोगों को 8 से 17 अगस्त तक अपने घरों में झंण्डा फहरीने के लिये जागरूक करें। कार्यक्रम अधिकारी डा0 शबनम आरा ने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में बताते हुए जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अतर्गत स्वयं सेविकाओं को लगातार क्रियाशील रहने के लिये प्रेरित किया। सभी ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। राष्ट्र्गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।






- **15 अगस्त 2025** आज़ादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया। स्वयंसेविकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो0 नासेहा उस्मानी ने स्टाफ और छात्राओं की सभा को संबोधित किया। उन्होने अपने राष्ट्र ध्वज के महत्व के बारे में बताया। उन्होने कहा कि आज़ादी का सही मतलब है कि हम अपने कर्तव्यों का सही सही पालन करें। अपनी निष्ठा एवं देश प्रेम से देश को उन्नति के तरफ अग्रसित करें।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयॉ उपस्थित रही। जिन्होने कॉलेज की प्राचार्या से पौधारोपण करा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

- **16 अगस्त 2025** को ऑनलाइन आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय ‘‘देश भक्ति’’ आशुभाषण द्वारा स्वयंसेविकाओं ने देश प्रेम भावनाओं को व्यक्त किया एवं अपने विचार साझा किये। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी प्रो0 सबीहा आज़मी ने देश भक्ति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज़ाद देश में जन्म लेना हमारी बड़ी उपलब्धि है। हम सर उटाकर अपने हक के साथ जी रहें है। इसलिये हमारा परम कर्तव्य देश को आगे ले जाना है। और छात्राओं ने अपने अलग-अलग विचार साझा कियें। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा0 शबाना अजीज़ ने सभी स्वयंसेविकाओं का स्वागत किया।
  जिसमें प्रथम स्थान सैय्यद महवीश M.A.I sem द्वितीय स्थान सिमबा B.A.II तृतीस स्थान इन्शा परवीन B.A.II एवं संत्वना स्थान प्राची को मिला।



राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा0 शबनम आरा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए स्वयंसेविकाओं को देश भक्ति हर घर तिरंगा के तहत संबोधित करते हुए कहा कि आजा़दी हमे कई मायने में महत्वपूर्ण है। पहले आजा़दी हमे अंगेजो से गुलामी के लिये चाहिये थी और आज हमे शिक्षा, नौकरी, बेरोजगारी अन्य जरूते पूरी हो जाये आजा़दी चाहियें।

- **17.08.2025** को हर घर तिरंगा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में तिरंगे रेगों से हस्तशिल्प बनाने का कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने बहुत ही मेहनत से उत्कृष्ट कलाकृतियाँ बनाई। उन्होने बनाते समय अपनी फोटों NSS group समूह पर भी साझा की। इन सभी कलाकृतियों का प्रदर्शिनी 18 अगस्त 2025 को कॉलेज में हुई।



- **18.8.2025** हस्तशिल्प कलाक्रति प्रदर्शनी का उदघाटन पूर्व प्राचार्या प्रो0 यूसुफा नफीस द्वारा किया गया जिन्होने राष्ट्र के विकास के लिये स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया। तद्पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र बॉटा गया।

